भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2291

शुक्रवार, 07 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीईएसओ में कर्मचारियों की संख्या और निरीक्षण क्षमता

2291. श्री ए. ए. रहीम:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) में संस्वीकृत पदसंख्या तथा कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार द्वारा पीईएसओ में जनशक्ति की कमी के निरीक्षण, सुरक्षा लेखापरीक्षा तथा प्रवर्तन संबंधी कार्यकलापों पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पाँच वर्षों के दौरान पीईएसओ द्वारा पेट्रोलियम, विस्फोटकों तथा संपीडित गैस संस्थापनों के किए गए निरीक्षणों की वर्ष-वार संख्या कितनी है; और

(घ) क्या पीईएसओ के विनियामक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले प्रतिष्ठानों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार इसकी जनशक्ति संबंधी आवश्यकताओं की व्यापक समीक्षा करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क): पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो) में स्वीकृत पदों और कार्यशील पदों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है-

	वर्तमान में स्वीकृत पदों की संख्या	वर्तमान में कार्यशील पदों की संख्या
पेसो में स्टाफ की कुल संख्या	594*	291

* वर्ष 2025 में कुल 114 पद सृजित किए गए थे।

(ख): उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) के माध्यम से वर्ष 2017 और वर्ष 2021 में पेट्रोलियम और

विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो) के कार्य निष्पादन की लेखा परीक्षा करवाई थी। अध्ययनों में, अन्य बातों के साथ-साथ, पेसो की जनशक्ति अपेक्षाओं का आकलन किया गया और इसकी जनशक्ति की तत्कालीन स्वीकृत संख्या 480 से बढ़ाकर 627 पद करने की सिफारिश की गई।

सिफारिशों के अनुसार और मामले की बाद की जांच के बाद, पेसो के जनशक्ति को बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप, वर्ष 2025 में 114 अतिरिक्त पद सृजित किए गए, जिससे पेसो की स्वीकृत संख्या 480 से बढ़कर अब 594 पद हो गई है। इस प्रकार, निष्पादन लेखापरीक्षा अध्ययनों में पहचानी गई जनशक्ति अपेक्षाओं का समाधान करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति की गई है।

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान पेसो द्वारा पेट्रोलियम, विस्फोटक और संपीड़ित गैस प्रतिष्ठानों के किए गए निरीक्षणों की वर्षवार संख्या निम्नानुसार है:

नियम जिनके तहत प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जाता है।	निरीक्षणों की संख्या				
	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
अमोनियम नाइट्रेट नियम, 2012	116	127	142	127	92
विस्फोटक नियम, 2008	5,837	6,967	6,361	5,517	5,331
गैस सिलेंडर नियम, 2016	2,357	3,972	3,222	2,390	2,688
एसएमपीवी(यू) नियम, 2016	2,757	2,862	2,574	3,463	4,533
पेट्रोलियम नियम, 2002	2,232	8,160	13,503	5,097	2,319
कैल्शियम कार्बाइड नियम,1987	11	11	12	6	7
कुल	13,310	22,099	25,814	16,600	14,970

(घ): सरकार ने पेसो में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) के लिए विभिन्न पहलें शुरू की हैं, जिनमें विनियामक प्रक्रियाओं का सरलीकरण और डिजिटलीकरण, ऑनलाइन सेवा प्रदानगी, प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं में कमी और निरीक्षणों का युक्तिकरण शामिल है। इन उपायों ने पेसो के कार्यभार को सुव्यवस्थित किया है और जनशक्ति अपेक्षाओं को युक्तिसंगत बनाया है। तदनुसार, इस समय पेसो में जनशक्ति की व्यापक समीक्षा की आवश्यकता नहीं है।

******